**प्रेस नोट** **07/05/2025**

''ऑपरेशन सिंदूर'' को लेकर शांति/सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस लाईन मऊ में आज दिनांक 07.05.2025 को पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के नेतृत्व/निर्देशन में आपातकालीन मॉक ड्रिल किया गया जिसमें अग्निशमन विभाग व अन्य ने प्रतिभाग किया। उक्त के सम्बन्ध में जागरुक किये जाने के क्रम में जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या में कल्पनाथ राय इण्टरनेशनल स्कूल के छात्र/छात्रायें एवं एनसीसी कैडेट्स उपस्थित रहे। इस दौरान महोदय द्वारा आपातकालीन स्थिति में एक नागरिक के तौर पर क्या करना है और क्या नही करना है के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक प्रकाश डालते हुये सभी का ब्रीफ किया गया। साथ ही अफवाहों पर ध्यान न देने, टी0वी0 आदि पर सरकारी अलर्ट्स पर ध्यान देने व आधिकारिक सूचना/प्रशासन के निर्देशों का पालन करने जैसे महत्वपूर्ण बिन्दुओं का बोध कराया गया।

साथ ही साथ थाना पूरे जनपद में समस्त क्षेत्राधिकारीगणों/थानध्यक्षों के नेतृत्व में गोष्ठियों का आयोजन कर, आमजनमानस में लोगों के बीच जाकर, पंपलेट आदि बांटकर लोगों को जागरुक किया जा रहा है।